RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


**गुस्ताखी माफ**

पुस्तक सच्ची मित्र है, कहते ये श्रीमान।
मगर बड़े होकर कहें, इसे किताबी ज्ञान।
इसे किताबी ज्ञान, न इससे बात संवरनी।
बिल्कुल नहीं समान, जगत की कथनी-करनी।
कह साहिल कविराय, अगर यह इतनी कच्ची।
क्यों कहते फिर आप, मित्र है पुस्तक सच्ची।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 187 | THURSDAY DATE 30-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



## लोकसभा में बोलने नहीं दिया, माफी मांगने को कहा गया: राहुल गांधी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि उन्हें लोकसभा में अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी गई। उनका दावा है कि उनसे कहा गया था कि यदि वे गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान पर माफी मांग लें तो उन्हें बोलने दिया जाएगा, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने कई बार लोकसभा अध्यक्ष से सदन में व्यवस्था बहाल करने और उन्हें बोलने का अवसर देने का आग्रह किया। उनके अनुसार, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य मंत्रियों को कई बार बोलने का मौका मिला, लेकिन उन्हें अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी गई। राहुल गांधी ने कहा, मुझे कहा गया कि अगर मैं माफी मांग लूं तो मुझे बोलने दिया जाएगा। लेकिन मैं भाजपा, आरएसएस या उनसे जुड़े किसी भी व्यक्ति से कभी माफी नहीं मांगूंगा।

## गुरु पूर्णिमा पर सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने युवाओं संग किए हनुमान मंदिर में दर्शन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चांदनी चौक से सांसद एवं कैट (कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, कनॉट प्लेस में युवाओं के साथ दर्शन-पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और युवा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि भारत की गुरु-शिष्य परंपरा ने देश को विश्वगुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज का युवा, विशेषकर जेन-जी, देश के भविष्य का निर्माता है। ऐसे समय में युवाओं को ऐसे आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है जो उन्हें सेवा, समर्पण, विनम्रता और राष्ट्रभक्ति का मार्ग दिखाएं। उनके अनुसार, भगवान हनुमान इन गुणों के सर्वोच्च प्रतीक हैं। सांसद ने कहा कि हनुमान जी का व्यक्तित्व युवाओं को शक्ति के साथ विनम्रता, सफलता के साथ अहंकार से दूर रहने और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यही मूल्य युवाओं को व्यक्तिगत सफलता के साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि युवाओं को तकनीक और नवाचार के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक विरासत से भी जुड़े रहना चाहिए, ताकि वे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकें।

**संक्षिप्त**
**ताजा खबरें**

### बाढ़ से मौत पर 5 लाख रुपए का मुआवजा, प्रभावित परिवारों को 15,000 रुपए मदद का ऐलान

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए बढ़ी हुई आर्थिक सहायता की घोषणा की। इसमें प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को 5 लाख रुपए का अतिरिक्त मुआवजा और सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में बाढ़ से प्रभावित हर परिवार को 15,000 रुपए की तत्काल अंतरिम राहत शामिल है। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि किसी भी तरह की आर्थिक मदद से इंसानी जान के नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन राज्य सरकार इस संकट के समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। सरमा ने कहा, 'अपनों को खोने का दुख किसी भी आर्थिक मदद से कम नहीं किया जा सकता।

### विद्यार्थियों के प्रदर्शन के मुद्दे पर राहुल ने संसद में झूठ बोला, नहीं चलायी गयी थी विद्यार्थियों पर गोली: भाजपा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर पेपर लीक मामले को लेकर हुए प्रदर्शन के मुद्दे पर संसद में झूठ बोलने, देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों पर गोली चलाए जाने के उनके दावे का खंडन किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के मुद्दे पर देश को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले को रोकने को लेकर लाये गये विधेयक पर चर्चा में श्री गांधी ने भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने झूठ से देश को भ्रमित करने की कोशिश की, सदन में हंगामा करने का प्रयास किया और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने श्री गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, 'हम सबको जिसका शक था, वही हुआ। श्री गांधी ने झूठ का पुलिंदा दिखाकर देश को गुमराह करने और संसद में हंगामा करने की कोशिश की। वह हमेशा यही करते हैं।' उन्होंने कहा कि जब उनसे (श्री गांधी) से उनके दावों को सत्यापित करने के लिए, कहा गया, तो तथाकथित विनम्र और संयमित भाषा गायब हो गयी। श्री गांधी के पास अपने दावों को साबित करने के लिए एक भी तथ्य नहीं था।

## दिल्ली लक्ष्मी योजना को मिली मंजूरी

# 1 अगस्त से शुरू होंगे पंजीकरण

## महिलाओं ने रेखा गुप्ता का जताया आभार




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**

दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं दिल्ली सचिवालय पहुंचीं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने इस योजना को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहतकारी कदम बताते हुए सरकार के निर्णय का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें महिलाओं के स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार है। दिल्ली लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी। यह योजना नारी शक्ति के सम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर बेटी, हर बहन और हर परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार कार्य करती रहेगी।

भारतीय जनता पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज ने भी योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'इस योजना के तहत 21 से 60 वर्ष की पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए की सहायता दी जाएगी। उनके अनुसार, इस योजना से 17 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना है।

योजना का पोर्टल 1 अगस्त से खुल जाएगा और पहली किस्त रक्षाबंधन तक लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।' उन्होंने इसे दिल्ली की महिलाओं और माताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। योजना की घोषणा के बाद महिलाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। दिल्ली सचिवालय पहुंची अनीता अग्रवाल ने कहा, 'मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जो वादा किया था, उसे पूरा करके दिखाया है। यह योजना महिलाओं के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी और इससे हजारों परिवारों को आर्थिक सहारा मिलेगा।'

## यमुना सफाई पर 4,500 करोड़ का मेगा प्लान, 15 नए डीएसटीपी को मंजूरी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** यमुना को प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली जल बोर्ड की 179वीं बैठक में लगभग 4,500 करोड़ रुपये की यमुना पुनर्जीवन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 15 नए विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिससे दिल्ली में कुल डीएसटीपी की संख्या 28 हो जाएगी। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद राजधानी की कुल सीवेज शोधन क्षमता बढ़कर 1,041 एमजीडी हो जाएगी, जो वर्तमान में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले सीवेज से भी अधिक है। सरकार का दावा है कि इससे बिना उपचारित सीवेज के यमुना में जाने पर प्रभावी रोक लगेगी और नदी को स्वच्छ बनाने की दिशा में निर्णायक प्रगति होगी। इन मंजूरियों के साथ दिल्ली जल बोर्ड अब कुल 28 विकेन्द्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों पर कार्य करेगा, जिनमें पहले स्वीकृत 13 डीएसटीपी तथा अब स्वीकृत 15 नए डीएसटीपी शामिल हैं। यह दिल्ली के सीवेज शोधन ढांचे के विस्तार की अब तक की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

### पीएम मोदी 2 अगस्त से शुरू करेंगे 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान'

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त 2026 को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरूआत करेंगे। यह अभियान 'नशा मुक्त भारत' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शुरू किया जा रहा है।

## पेपर लीक पर केवल सख्त कानून नहीं, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार भी जरूरी: मायावती



**लखनऊ, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पेपर लीक रोकने के लिए सख्त सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक को लोकसभा से पारित किए जाने के बाद कहा कि केवल कठोर कानून बना देने से इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार को अपराध होने के बाद सजा देने के बजाय ऐसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, जिससे पेपर लीक जैसी घटनाओं को पहले ही रोका जा सके। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा कि देश में पेपर लीक के जघन्य अपराध व उसके कारण नौजवान छात्र-छात्राओं का उनका भविष्य अंधकार होता देख अनेकों द्वारा आत्महत्या जैसी अति-दुखद घटनाओं की रोकथाम के उपाय के रूप में संसद ने एक बार फिर से एक और सख्त सजा के प्रावधान वाला कानून बनाने वाला बिल लोकसभा ने आज अन्ततः पास कर दिया है, लेकिन क्या केवल इससे समस्या का समाधान हो जाएगा, इसकी चिंता लोगों में बरकरार है, क्योंकि लोगों को यह आपाधापी/जल्दबाजी में लिया गया एक और कदम ज्यादा लगता है, जबकि अन्य और भी उपायों को तत्काल सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

## ई-20 पेट्रोल से 2023 से पहले की 30 करोड़ गाड़ियां होंगी प्रभावित: केजरीवाल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई-20 पेट्रोल को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि देश में पेट्रोल से चलने वाले वाहन बनाने वाली 29 कंपनियों में से 9 कंपनियों के अधिकारियों ने उनसे बातचीत में स्वीकार किया कि वर्ष 2023 से पहले बनी गाड़ियों में ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से इंजन, फ्यूल सिस्टम और माइलेज पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी भी कंपनी ने यह बात लिखित रूप में नहीं दी है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने 29 ऑटोमोबाइल कंपनियों को पत्र लिखकर पूछा था कि क्या वर्ष 2023 से पहले निर्मित वाहनों में ई-20 पेट्रोल सुरक्षित है और यदि इससे वाहन खराब होता है या माइलेज कम होती है तो क्या कंपनियां इसकी जिम्मेदारी लेते हुए हर्जाना देंगी।

## सरकार की भारत टैक्सी पहल से 7.97 लाख 'सारथी' जुड़े, दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक ड्राइवर-पार्टनर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** केंद्र सरकार की भारत टैक्सी पहल के तहत देश भर में अब तक 7.97 लाख ड्राइवर-पार्टनर (सारथी) प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। यह जानकारी सरकार ने बुधवार को संसद में दी। गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि 19 जुलाई तक दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक 2.55 लाख सारथी इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। इसके अलावा, गुजरात में 1.01 लाख और महाराष्ट्र में 71,095 सारथी पंजीकृत हैं। भारत टैक्सी एक सहकारी मॉडल पर आधारित डिजिटल ऐप मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है, जिसका संचालन सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) द्वारा किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर पर मरीज से रुपये मांगने का आरोप, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई।** जिला एमएमजी अस्पताल के एक वरिष्ठ सर्जन पर मरीज से रुपये मांगने का आरोप लगा है। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। प्रसारित वीडियो में डॉक्टर और मरीज के बीच बातचीत हो रही है, जिसमें पित्त की पथरी के ऑपरेशन के लिए 20 से 25 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि, वीडियो में मरीज की पहचान स्पष्ट नहीं हो रही है। अस्पताल प्रशासन ने वीडियो की जानकारी होने की बात कही है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि उनके पास इस मामले को लेकर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### पीडीएस के तहत वितरित करने वाला एन .एफ .एस गेहूं अगस्त मास का जुलाई में ही वितरण करना सुनिश्चित करें: मनीषा मेहरा, डीएफएससी

**पानीपत, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** जिला खादय एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी मनीषा मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा पी.डी.एस. के तहत वितरित किए जाने वाले एन.एफ.एस. गेंहू मास अगस्त 2026 का लाभार्थियों में मास जुलाई 2026 में ही वितरित किया जाना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले मास अगस्त 2026 का एन.एफ.एस. गेंहू मास जुलाई 2026 में ही सम्बन्धित राशन डिपुओं से लेना सुनिश्चित करें।

### ब्रेन डेड मरीज के अंगदान से तीन लोगों को मिला नया जीवन

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई।** दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी 68 वर्षीय ब्रेन डेड मरीज के परिजनों ने अंगदान का निर्णय लेकर तीन गंभीर मरीजों को नया जीवन दिया। वैशाली के एक निजी अस्पताल में मरीज का लिवर और दोनों किडनी सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। इनमें से एक किडनी साहिबाबाद के 39 वर्षीय क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) से पीड़ित मरीज को लगाई गई है। वह पांच वर्षों से डायलिसिस पर चल रहे थे। दूसरी किडनी द्वारका के एक अस्पताल और लिवर दूसरे अस्पताल में प्रत्यारोपण के लिए भेजा गया। डॉक्टरों ने बताया कि ब्रेन डेड मरीजों का समय पर अंगदान कई लोगों की जान बचा सकता है और समाज में इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है।

# वंदे मातरम के विरोधियों को पाकिस्तान भेजना चाहिए : नंदकिशोर गुर्जर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**

भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने संसद की कार्यवाही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान और वंदे मातरम को लेकर एआईएमआईएम प्रवक्ता वारिस पठान की टिप्पणी को लेकर विपक्ष पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष का रवैया लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है और कई नेताओं की भाषा तथा बयान देश की संस्कृति और संसदीय गरिमा के खिलाफ हैं।

एआईएमआईएम प्रवक्ता वारिस पठान द्वारा दिए गए बयान कि 'अगर हम 'वंदे मातरम' नहीं बोलें तो क्या गोलियां मार देंगे या फांसी दे देंगे?' पर भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इस तरह की सोच रखने वाले लोगों के लिए देश के विभाजन का इतिहास याद रखना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' जैसे नारों का सम्मान नहीं करता और भारतीय संस्कृति और परंपराओं को स्वीकार नहीं करता, तो उसके लिए भारत में कोई स्थान नहीं होना



चाहिए। ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेजा जाना चाहिए। भारतीय संस्कृति, भगवान श्रीराम और देश की परंपराओं का विरोध करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि देश का कोई भी वर्ग अब उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न वर्गों के लोगों से बातचीत के दौरान उन्हें यही प्रतिक्रिया मिली कि राहुल गांधी किसी भी आंदोलन से जुड़ते हैं तो उसका नुकसान होता है। उन्होंने संसद में राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल की गई भाषा पर भी आपत्ति जताई और कहा कि यह संसदीय गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे वरिष्ठ नेता को भी राहुल गांधी को टोकना पड़ा, जो अपने आप में गंभीर बात है। राहुल गांधी ने जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, उससे उनकी राजनीतिक गंभीरता पर सवाल खड़े होते हैं। संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी द्वारा छात्रों के आंदोलन को लेकर यह कहे जाने पर कि छात्रों पर गोली चलाने की अनुमति दी गई थी, भाजपा विधायक ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में किसानों, मजदूरों और गरीब परिवारों के बेटे-बेटियां भी सेवा कर रहे हैं और आंदोलन के दौरान उनके साथ भी दुर्व्यवहार हुआ।

### सोसाइटी में फिर अटकी लिफ्ट, आधे घंटे तक फंसा रहा परिवार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** सेक्टर-70 स्थित रॉयल हेरिटेज सोसाइटी में लिफ्ट खराब होने की समस्या लगातार बनी हुई है। सोमवार रात टावर-20 में एक लिफ्ट अचानक बंद हो गई, जिससे एक परिवार करीब आधे घंटे तक फंसा रहा। घटना के बाद सोसाइटी के लोगों में दहशत का माहौल है। निवासियों का आरोप है कि खराब रखरखाव और बिजली संबंधी समस्याओं के कारण आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार, सोसाइटी में रहने वाले दंपती सोमवार रात तीन साल के बच्चे के साथ अपने फ्लैट में जा रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट बीच में ही बंद हो गई। परिवार ने तुरंत मदद के लिए सूचना दी। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के दौरान छोटा बच्चा काफी घबरा गया और रोने लगा।



### जलभराव और दूषित पेयजल को लेकर वार्ड नंबर 6 के लोगों का फूटा गुस्सा, पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों का घेराव

**हरियाणा, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** बरवाला के वार्ड नंबर 6 में गुरु रविदास चौपाल से पुराने जलघर तक लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को लेकर आज क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। लोगों ने पब्लिक हेल्थ विभाग की लापरवाही पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए मौके पर पहुंचे विभाग के खए एवं रउ्ड को खरी-खरी सुनाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर पेयजल सप्लाई की वाल लगी हुई है, वह पूरी तरह जलभराव में डूबी हुई है। इसके कारण दूषित पानी पेयजल लाइन मे मिलता है और लोगों के घरों में जाता है घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र बरवाला ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण वार्ड के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि, 'सभी लोगों के घरों में आर ओ नहीं लगे हैं। अधिकारियों के घरों में आर ओ लगे हुए हैं, इसलिए उन्हें स्वच्छ पानी मिल जाता है, लेकिन वार्ड के लोग गंदे और सीवर मिश्रित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। यह आम जनता के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है।'

उन्होंने मांग की कि जलभराव की समस्या का तत्काल स्थायी समाधान किया जाए, दूषित पेयजल की आपूर्ति तुरंत रोकी जाए तथा संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## गौपुत्र दल द्वारा ओ३म लाइब्रेरी अग्रोहा में होगा रक्तदान शिविर

**अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में 30 जुलाई को होगा आयोजन–क्रांतिकारी**

» **हरियाणा, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**

अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में गौपुत्र दल द्वारा प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर की तैयारियों को लेकर संगठन के कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

गौपुत्र दल के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुनील क्रांतिकारी ने बताया कि रक्तदान शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को शिविर में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।




कार्यकर्ता गौरव चौहान ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर को अनेक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं तथा एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा के इस अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन 98128 19705 पर संपर्क करें। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी अमन हिंदू, मोनू बोयत, संजय बड़ोपल, सोनू जोशी, प्रवीण, अनिल, प्रदीप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो बदमाशों को दबोचा, चोरी की बाइक और हथियार बरामद

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**

ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 थाने की पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक अवैध चाकू तथा एक तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 28 जुलाई को थाना इकोटेक-3 पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक सेक्टर-10 से तिलपता की ओर सर्विस रोड




पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र हरी सिंह तथा सागर पुत्र देवेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ और तलाशी के दौरान पुलिस ने मनीष के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया, जबकि सागर के पास से .315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके अलावा, दोनों के कब्जे से चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मोटरसाइकिल किस क्षेत्र से चोरी की गई थी और क्या आरोपी अन्य वाहन चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी मनीष मूल रूप से रूपवास मोड़, कस्बा एवं थाना दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है और उसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताई गई है। वहीं, दूसरा आरोपी सागर मूल निवासी ग्राम नगला पदम, थाना चंडौस, जिला अलीगढ़ का रहने वाला है, जो वर्तमान में ग्राम धूममानिकपुर, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।

# गुरुपूर्णिमा सनातन परंपरा , श्रद्धा और संस्कृति के संगम का पर्व है : परमहंस ज्ञानेश्वर

**गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में श्री अवधूत आश्रम में हवन यज्ञ के साथ श्रद्धालुओं द्वारा गुरु पूजन विशाल भंडारे के साथ संपन्न। गुरु पूर्णिमा समाज में ज्ञान के प्रसार, नैतिक मूल्यों और गुरु शिष्य परंपरा का सम्मान करने का एक महत्वपूर्ण पर्व है।**

» **प्रमोद कौशिक**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 जुलाई । गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और प्रेरणादायक पर्व है। यह केवल किसी व्यक्ति का सम्मान करने का दिन नहीं, उस ज्ञान, प्रकाश और चेतना का उत्सव है जो गुरु के माध्यम से हमारे जीवन में आती है। यह विचार गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में श्री अवधूत आश्रम के महाराज श्री परमहंस ज्ञानेश्वर जी ने कहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुरु वंदना से



हुआ। आश्रम में स्थित यज्ञशाला में संत समाज एवं श्रद्धालुओं द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित वैदिक यज्ञ में मंत्रों का सस्वर उच्चारण कर यज्ञ में लोकमंगल के निमित्त आहुति प्रदान की।

महाराज श्री ने कहा गुरुपूर्णिमा समाज में ज्ञान के प्रसार, नैतिक मूल्यों और गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करने का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, कृतज्ञता और अच्छे चरित्र के निर्माण को बढ़ावा देता है। गुरुपूर्णिमा सनातन परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति के संगम का पर्व है। गुरु पूर्णिमा समाज में ज्ञान के प्रसार, नैतिक मूल्यों और गुरु शिष्य परंपरा का सम्मान करने का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, कृतज्ञता और अच्छे चरित्र के निर्माण को बढ़ावा देता है। गुरु पूर्णिमा संबंध महर्षि वेदव्यास से भी है। उन्होंने वेदों का विभाजन किया, महाभारत की रचना की और अनेक पुराणों की रचना करके मानव समाज को अमूल्य ज्ञान दिया। इसलिए इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

महाराज श्री ने कहा ऐसे महान पर्व पर हमें अपने सभी गुरुजनों, माता पिता, शिक्षकों, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और उन सभी व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना चाहिए जिन्होंने हमारे जीवन को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के महासचिव महंत ईश्वर दास, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, महंत सुनील दास, महंत स्नेह दास, वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, महंत राम अवतार दास, स्वामी देवी शरण, महंत जनार्दन महाराज, स्वामी डॉ. गार्गी महाराज, डॉ. सत्यम, महंत विशाल दास इत्यादि संत महात्मा मौजूद रहे और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ सभी संत समाज के साथ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## 2 अगस्त को कीर्ति नगर में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 जुलाई । स्वर्गीय श्री मेहरचंद मेहंदीरत्ता जी की 37वीं पुण्यतिथि को परोपकार दिवस के रूप में मनाते हुए मेहर बुक डिपो द्वारा उनकी पावन स्मृति में 2 अगस्त 2026 (रविवार) प्रातः 10 बजे कीर्ति नगर, रेलवे अंडरपास के समीप, कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर बी.एस. हार्ट केयर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से हृदय जांच, ईसीजी, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल तथा अन्य आवश्यक रक्त जांच निःशुल्क की जाएंगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी, जिसमें डॉ. पवन बंसल (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. आलोक कुमार (ब्लड रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुष्मि तिवारी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. प्रतीक अहलावत (हड्डी रोग विशेषज्ञ) शामिल रहेंगे।



आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने तथा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकता है।

यह आयोजन स्व. मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। ट्रस्ट ने सभी सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं नागरिकों से इस जनसेवा अभियान में भागीदारी निभाने का आग्रह किया है।

## मेगा जाब फेयर का आयोजन , 4 अगस्त को

**निर्मल सिंह विर्क/पानीपत, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 अगस्त 2026 को प्रातः 10 से सांय 2 बजे तक डी०ए०वी० स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करनाल के कैम्पस में एक मेगा जॉब फैयर के आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, बेल, विधि एवं विधायी कार्य विभाग राज्य मंत्री गौरव गौतम के कर कमली एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों एवं विभिन्न संस्थानों के माध्यम से रोजगार के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध करवाना तथा उनके कौशल एवं रोजगार क्षमता को सुदृढ़ करना है।



## गुरु पूर्णिमा पर 'हमारी आस्था फाउंडेशन' की रसोई पहुँचे एसपी अंबाला अजीत सिंह शेखावत ; संस्था की सेवा भावना को सराहा



» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 29 जुलाई । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंबाला, अजीत सिंह शेखावत नागरिक अस्पताल (अंबाला शहर) स्थित 'हमारी आस्था फाउंडेशन' के रसोई केंद्र पहुँचे। केंद्र पहुँचने पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एसपी महोदय का भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया। संस्था द्वारा इस शुभ अवसर को भक्ति, श्रद्धा और सेवा-भाव के साथ मनाया गया।

निरीक्षण के दौरान एसपी अंबाला ने रसोईघर में भोजन पकाने से लेकर उसके वितरण तक की पूरी प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं जरूरतमंदों को भोजन परोसा और खुद भी प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। उन्होंने रसोई में रखी जा रही असाधारण साफ-सफाई, शुद्धता और हाइजीन की जमकर सराहना की।

मानव सेवा की अद्भुत मिसाल है यह प्रयास' – एसपी अंबाला,

**कार्यक्रम को दौरान पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा:** 'पिछले 5 वर्षों से निरंतर मात्र 5 में स्वादिष्ट, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना मानव सेवा की एक अद्भुत और अनुकरणीय मिसाल है।

संस्था के सदस्य जिस निष्ठा और समर्पण से यह कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। समाज के अन्य सक्षम लोगों को भी ऐसे सेवा कार्यों के लिए आगे आना चाहिए।'

### प्रतिदिन 2,500+ लोगों को मिल रहा सम्मानजनक भोजन

संस्था के संचालक श्री संदीप आनंद ने बताया कि फाउंडेशन पिछले 5 से अधिक वर्षों से नागरिक अस्पताल (अंबाला शहर) तथा अंबाला कैंट बस स्टैंड पर मात्र 5 में भोजन थाली उपलब्ध करा रही है।

इन दोनों केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन 2,500 से अधिक मरीज, उनके तीमारदार और जरूरतमंद लोग पूरे सम्मान के साथ भरपेट भोजन प्राप्त करते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नियमित भोजन के साथ-साथ आगंतुकों को विशेष प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय ने संस्था के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और जमीनी स्तर पर सेवा दे रहे कर्मचारियों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया।

### समारोह में उपस्थिति

इस अवसर पर संस्था परिवार से संदीप आनंद, मनीष कुमार, अंकित, कृष्ण मल्होत्रा, अमित वर्मा, रवि भोला, सुनील धवन सहित कई अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कांवड़ यात्राः गौतमबुद्ध नगर में 2500 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा की कमान, 3000 कैमरों और ड्रोन से होगी निगरानी

नोएडा, 29 जुलाई (आईएएनएस)। पावन सावन माह और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात और बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट ने विद्युत विभाग, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की है। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण किया गया। गौतमबुद्ध नगर से होकर गुजरने वाले 8 प्रमुख कांवड़ मार्गों पर विशेष व्यवस्था की गई है।

## शैलेश वत्स बने सर्वसम्मति से जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०), हरियाणा के संगठन सचिव

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०), हरियाणा द्वारा सामाजिक सेवा एवं जनहित कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से श्री शैलेश वत्स को जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र का सर्वसम्मति से संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष दलबीर सिंह मलिक व महासचिव बलदेव सिंह सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री शैलेश वत्स के अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा जनहित के कार्यों को गति प्राप्त होगी। नियुक्ति के उपरांत श्री शैलेश वत्स ने संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प भी व्यक्त किया। जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०), हरियाणा के श्री शैलेश वत्स को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



## ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे के बच्चों ने मनाया गुरुपूर्णिमा का पर्व

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 जुलाई । 7 बी स्थित ग्रैंड मां कॉटेज किड्स स्कूल में आज गुरु पूर्णिमा का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सभी बच्चों ने अपने माता पिता को सर्वप्रथम गुरु बताते हुए सुबह की प्रार्थना सभा में पहली प्रार्थना अपने माता पिता की की ओर उनके चरणों की छाप लेकर उस पर पुष्प अर्पित किये।

तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय में उपस्थित सभी अध्यापिकाओं का भी पुष्प अर्पित कर सम्मान किया। बच्चों ने अपने माता पिता ओर गुरुजनों का आभार प्रकट करते हुए विशेष नृत्य प्रस्तुतियां भी दी।

विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा ने सभी को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी और साथ ही अपने मातापिता ओर गुरुजनों का भी आभार व्यक्त किया क्योंकि उन्हीं की वजह से आज वो एक सफल मुकाम हासिल कर पाए हैं। विद्यालय की प्राचार्या लवलीन पाहवा ने भी सभी बच्चों को माता पिता ओर गुरुओं द्वारा बताए गये ज्ञान को सर्वोपरि रखते हुए गुरु को सर्वोत्तम दर्जा दिया ओर साथ ही बताया कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से सभी बच्चों को संस्कारों से जोड़ा रखा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाएं नीतू, अंजू, मीनाक्षी,नीलम ओर सपना मौजूद रहे।




## अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 जुलाई । अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आज पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में धर्मशाला के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेडिकल कैंप के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय जांचें निःशुल्क की गईं तथा लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। उपस्थित लोगों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ इस्कॉन द्वारा भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना को समर्पित भजन-कीर्तन एवं मंत्र-जप कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला की समस्त कार्यकारिणी, समिति सदस्यों तथा समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से हरे कृष्ण महामंत्र का जप किया, जिससे संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर इस्कॉन की ओर से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता भेंट स्वरूप प्रदान की गई तथा गीता के सार्वभौमिक संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आ'न किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण केवल बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से भी होता है। पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा इस्कॉन द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन एवं श्रीमद्भगवद्गीता वितरण जैसे कार्यक्रम समाज को सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला सदैव ऐसे जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन के लिए इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।



# एक 'प्रधान' को हटाकर आपने एक 'प्रधानमंत्री' को बचाया



संदीप शर्मा

भारतीय राजनीति ने आखिरकार संकट से निपटने का अपना सबसे पुराना तरीका फिर से खोज लिया है: जब प्रेशर कुकर की सीटी बहुत जोर से बजने लगे, तो स्टोव नहीं, बल्कि उसका गैस्केट बदल देना चाहिए। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने संसद में इससे बेहतर बात नहीं कही हो सकती थी: 'आपने एक 'प्रधान' को हटाकर एक 'प्रधानमंत्री' को बचाया।' एक ही वाक्य में उन्होंने कैबिनेट के पसंदीदा 'फायर एक्सटिंग्विशर' (आग बुझाने वाले यंत्र) यानी मंत्री की बलि देने की बात कह दी। हर सरकार का यही कहना होता है कि मंत्रियों को प्रधानमंत्री का पूरा भरोसा हासिल है। लेकिन इस भरोसे की भी एक 'वारंटी' होती है: यह तब तक ही मान्य है जब तक विरोध की आवाजें टीवी डिबेट के शोर से ज्यादा तेज न हो जाएं। धर्मेंद्र प्रधान अब भारतीय राजनीति के एक खास क्लब ''मन एयरबैग एसोसिएशन' का हिस्सा बन गए हैं। उनका काम बहुत सीधा है: झटके को खुद झेल लेना ताकि ड्राइवर को झटका महसूस न हो। सरकारें हमेशा मंत्रियों की बलि नहीं देतीं; कभी-कभी यही उनका काम होता है। इस सिस्टम की खूबी इसकी कार्यक्षमता है। जनता का गुस्सा ? मंत्री बदल दो। मीडिया का हंगामा ? मंत्री बदल दो। विपक्ष को बढ़त मिल रही है ? तो पक्का मंत्री बदल दो। यह ठीक वैसा ही है जैसे वाई-फाई राउटर बंद कर देना और उम्मीद करना कि सारी तकनीकी दिक्कतें गायब हो जाएंगी। इस इस्तीफे से भविष्य के मंत्रियों को भी एक उत्साहजनक संदेश मिलता है: आप तब तक ही अपरिहार्य (जरूरी) हैं, जब तक आप हैं। अब कैबिनेट की बैठकों के साथ भी निवेश उत्पादों जैसा डिस्क्लेमर होना चाहिए: आपकी कुर्सी बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर है। बेशक, हर कोई जश्न मनाता है। प्रदर्शनकारी जीत का दावा करते हैं। विपक्ष जवाबदेही का दावा करता है। सरकार तेजी से कार्रवाई का दावा करती है। टीवी चैनल दावा करते हैं कि 'लोकतंत्र ने अपना काम किया।' बस एक ही अजीब सवाल हवा में लटका रह जाता है: क्या उस समस्या का असल में समाधान हुआ है जिसकी वजह से इस्तीफा देना पड़ा ? क्योंकि शास्त्री भवन के बाहर नेमप्लेट बदलना, उसके अंदर के सिस्टम को बदलने से कहीं ज्यादा आसान है। भारत ने राजनीतिक सॉफ्टवेयर अपडेट की कला में महारत हासिल कर ली है। मंत्री का 'वर्जन 2.0' इंस्टॉल कर दिया जाता है, जबकि ऑपरेटिंग सिस्टम शानदार ढंग से वैसा ही बना रहता है। बग्स (खामियों) को 'इक्की-दुक्की घटनाएं' का नाम दे दिया जाता है, पैच (सुधार) की घोषणा बड़े धूमधाम से की जाती है, और अगला संकट अपनी बारी का सब्र से इंतजार करता है। असली कमाल 'दिखावे' (ऑप्टिक्स) में है। इस्तीफे से यह तसल्ली देने वाला भ्रम पैदा होता है कि जवाबदेही तय हो गई है। यह राजनीति में ठीक वैसा ही है जैसे किसी बुरे सीजन के बाद कप्तान को तो बदल दिया जाए, लेकिन सेलेक्टर, रणनीति और ड्रेसिंग रूम वही पुराने रखे जाएं। अखिलेश का तंज सिर्फ.शब्दों का खेल नहीं था; यह एक 'यूजर मैनुअल' था। अगर प्रधानमंत्री 'ब्रांड' हैं, तो मंत्री बदली जा सकने वाली 'पैकेजिंग' हैं। प्रोडक्ट को तो टिके रहना ही है, भले ही रैपर बदल जाए। तो हाँ, संसद ने शायद इस सत्र की सबसे यादगार बात सुनी। आपने एक 'प्रधान' को हटाकर एक 'प्रधानमंत्री' को बचा लिया। भारतीय राजनीति में, यह सिर्फ.शब्दों का खेल नहीं है। यह आपदा प्रबंधन का आधिकारिक प्रोटोकॉल है।

# पेपर लीक पर राजनीति से नहीं बनेगी बात



कांतिलाल मांडोत

युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए अब चाहिए कठोर कानून जवाबदेह व्यवस्था और राष्ट्रीय संकल्प



**आज भी लगभग हर वर्ष किसी न किसी राज्य से पेपर लीक की खबर सामने आ जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पेपर लीक अब कुछ व्यक्तियों की शरारत नहीं बल्कि संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर छपाई परिवहन परीक्षा केंद्र और डिजिटल माध्यमों तक कई स्तरों पर अपराधियों का नेटवर्क सक्रिय रहता है। करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन के कारण यह एक लाभकारी आपराधिक कारोबार बन चुका है। जब तक इस पूरे नेटवर्क को समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक केवल छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी से कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा।**

देश में जब भी किसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो सबसे पहले लाखों युवाओं के वर्षों के परिश्रम पर पानी फिर जाता है। इसके बाद राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू होता है। सत्ता पक्ष विपक्ष पर आरोप लगाता है और विपक्ष सरकार को कठघरे में खड़ा करता है। प्रदर्शन होते हैं इस्तीफों की मांग उठती है और कुछ समय बाद कोई नया मुद्दा सामने आते ही पूरा विवाद धीरे-धीरे ठंडा पड़ जाता है। लेकिन जिस मूल समस्या ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगाया था उसका स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया है।

हाल के घटनाक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इसी राजनीतिक दबाव और छात्र आंदोलन के बीच हुआ।सरकार ने इसे परिस्थितियों के अनुरूप लिया गया निर्णय माना तो विपक्ष ने इसे अपनी जीत बताया।लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या किसी मंत्री के इस्तीफा देने भर से पेपर लीक की समस्या समाप्त हो जाएगी। यदि उत्तर नहीं है तो फिर देश को केवल राजनीतिक घटनाक्रम पर नहीं बल्कि व्यवस्था में व्यापक सुधार पर ध्यान देना होगा।

पेपर लीक कोई नई समस्या नहीं है। पिछले दो दशकों में देश के अनेक राज्यों में शिक्षक भर्ती पुलिस भर्ती पटवारी भर्ती मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले सामने आए हैं। यह भी सत्य है कि अलग-अलग समय में अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारों के दौरान ऐसी घटनाएं हुई हैं। इसलिए इस समस्या को केवल किसी एक दल या एक व्यक्ति की विफलता बताना वास्तविकता से आंखें मूंदने जैसा होगा। यूपीए सरकार के समय भी कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोप लगे थे। बाद के वर्षों में भी विभिन्न राज्यों में अनेक भर्ती परीक्षाएं विवादों में रहीं। राजस्थान इसका प्रमुख उदाहरण रहा है जहां शिक्षक भर्ती परीक्षाओं सहित कई मामलों ने पूरे देश का ध्यान खींचा। उस समय भी जिम्मेदारी तय करने को लेकर राजनीतिक विवाद हुए लेकिन व्यवस्था में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं हुआ जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं पूरी तरह रुक सकें। आज भी लगभग हर वर्ष किसी न किसी राज्य से पेपर लीक की खबर सामने आ जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पेपर लीक अब कुछ व्यक्तियों की शरारत नहीं बल्कि संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर छपाई परिवहन परीक्षा केंद्र और डिजिटल माध्यमों तक कई स्तरों पर अपराधियों का नेटवर्क सक्रिय रहता है। करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन के कारण यह एक लाभकारी आपराधिक कारोबार बन चुका है। जब तक इस पूरे नेटवर्क को समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक केवल छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी से कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा।

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के पीछे राजनीतिक परिस्थितियां अपनी जगह हो सकती हैं। छात्र आंदोलन विपक्ष का दबाव और चुनावी समीकरण भी किसी लोकतांत्रिक सरकार के निर्णयों को प्रभावित करते हैं। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट हुआ कि देश का युवा अब पारदर्शिता और जवाबदेही चाहता है। वह केवल आश्वासन नहीं बल्कि परिणाम देखना चाहता है। यही कारण है कि पेपर लीक का मुद्दा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहा बल्कि रोजगार और शासन व्यवस्था की विश्वसनीयता से भी जुड़ गया।

यह भी ध्यान रखना होगा कि सोशल मीडिया के दौर में कोई भी आंदोलन बहुत तेजी से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले सकता है। विदेशों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की प्रतिक्रियाएं हों या विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन यह लोकतांत्रिक समाज का हिस्सा है। लेकिन किसी भी आंदोलन या उसके पीछे की परिस्थितियों को लेकर बिना ठोस प्रमाण के निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। लोकतंत्र में तथ्यों के आधार पर ही चर्चा और निर्णय होने चाहिए।

पेपर लीक की सबसे बड़ी कीमत वह विद्यार्थी चुकाता है जिसने वर्षों तक कठिन परिश्रम किया होता है। किसी गरीब परिवार का छात्र कोचिंग की फीस भरने के लिए कर्ज लेता है। अनेक अभ्यर्थी उम्र सीमा के अंतिम अवसर का इंतजार करते हैं। परीक्षा रद्द होने पर उनका समय धन और मानसिक संतुलन तीनों प्रभावित होते हैं। इसलिए पेपर लीक केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है। अब समय आ गया है कि सरकारें इस समस्या को सामान्य अपराध की तरह नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य पर हमला मानें। इसके लिए एक ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा परिणाम घोषित होने तक प्रत्येक चरण पूरी तरह तकनीकी निगरानी में हो।

## चिंतन-मननः भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य




भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है। वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते। किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# सावधान ! घर बैठे कमाई वाला वो एक मैसेज आपको बना सकता है डिजिटल गुलाम

दिलीप कुमार पाठक




घर बैठे मोबाइल से कमाएं रोज के पांच हजार रुपए! आजकल फेसबुक, इंस्टाग्राम या व्हाट्सएप खोलते ही ऐसे लुभावने मैसेज हर तरफ तैरते हुए दिख जाते हैं। मंदी और बेरोजगारी के इस दौर में जब जेब तंग हो, तो ऐसे विज्ञापन किसी वरदान या लॉटरी जैसे लगते हैं। लेकिन जरा ठहरिए ! जिस लिंक पर आप एक क्लिक करने जा रहे हैं, वो आपको अमीर बनाने का रास्ता नहीं, बल्कि एक ऐसे दलदल का रास्ता है जहाँ से आप कंगाल और बर्बाद होकर ही बाहर निकलेंगे। हर साल 30 जुलाई को दुनिया भर में मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस मनाया जाता है।

जब भी हम मानव तस्करी का नाम सुनते हैं, तो हमारे दिमाग में पुरानी फिल्मों जैसा कोई सीन आता है - जैसे किसी का जबरन किडनैप कर लेना, किसी मासूम को बंधक बनाकर मजदूरी कराना या भीख मंगवाना। लेकिन आज के इस चमचमाते डिजिटल जमाने में अपराधियों ने अपना तरीका पूरी तरह बदल लिया है। आज का सबसे नया और खतरनाक सच है साइबर स्लेवरी यानी डिजिटल गुलामी। अब इंसानों को किसी अंधेरी कोठरी में नहीं, बल्कि कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठाकर इंटरनेट की अदृश्य जंजीरों से गुलाम बनाया जा रहा है। इस पूरे काले खेल की शुरूआत बहुत ही सीधे और मासूम तरीके से होती है। आपको व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से मैसेज आएगा कि यूट्यूब वीडियो लाइक करो और घर बैठे पैसे कमाओ। आप उनके कहे अनुसार वीडियो लाइक करते हैं और आपके खाते में सचमुच 200-300 रुपए आ भी जाते हैं। यहाँ पर बड़ी चालाकी से आपका भरोसा जीत लिया जाता है। इसके बाद असली जाल बिछाया जाता है। वो आपसे कहेंगे कि अगर और ज्यादा मोटी कमाई करनी है, तो आपको थोड़ा पैसा इन्वेस्ट करना होगा।

घर बैठे रातों-रात अमीर बनने के लालच में लोग अपनी जिंदगी भर की जमा-पूंजी, यहाँ तक कि कर्ज लेकर या घर के गहने बेचकर लाखों रुपए इन फर्जी वेबसाइट्स पर लगा देते हैं। जब तक हमें समझ आता है कि हम पूरी तरह लुट चुके हैं, तब तक स्क्रीन के उस पार बैठा ठग अपना डिजिटल बोरिया-बिस्तर समेटकर गायब हो चुका होता है। यह तो इस गंदे खेल का सिर्फ एक हिस्सा है।

इसका दूसरा और सबसे डरावना रूप वो है जो हमारे देश के पढ़े-लिखे युवाओं के साथ विदेशों में हो रहा है। कंबोडिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे देशों में डेटा एंट्री या कंप्यूटर ऑपरेटर की आलीशान नौकरी का लालच देकर भारतीय लड़कों को बुलाया जाता है। वहां पहुंचते ही उनके पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं और उन्हें बंदूक की नोक पर बड़ी-बड़ी इमारतों में बंद कर दिया जाता है। इसके बाद उनसे जबरन भारत में बैठे मासूम लोगों को फोन करके या मैसेज भेजकर ठगने का काम कराया जाता है। जो युवा ऐसा करने से मना करते हैं, उन्हें कई-कई दिनों तक भूखा रखा जाता है, लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा जाता है और करंट के झटके दिए जाते हैं। यानी हमारे ही देश के बेरोजगार लड़कों को बंधक बनाकर, उन्हीं के हाथों दूसरे भारतीयों को लुटवाया जा रहा है। यह स्थिति बेहद भयानक है। सरकार और पुलिस अपनी तरफ से कोशिश कर रही हैं, लेकिन सिर्फ पुलिस के भरोसे इस अदृश्य दुश्मन से नहीं जीता जा सकता। इस डिजिटल गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का एक ही तरीका है - हमारी खुद की समझदारी। हमें यह छोटी सी बात समझनी होगी कि दुनिया में कोई भी कंपनी बिना किसी मेहनत या बिना किसी इंटरव्यू के घर बैठे मुफ्त में पैसे नहीं बांटती।

## संक्षिप्त खबरें

### डीमार्ट ने शुरू किया फार्मेसी बिजनेस, दवाओं पर 20 फीसदी तक छूट

**मुंबई, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** रिटेल सेक्टर की दिग्गज कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट) ने अब हेल्थकेयर सेक्टर में कदम रखा है। अपने रोजाना कम कीमत मॉडल के लिए मशहूर यह कंपनी राधाकिशन दमानी की अगुवाई में मुंबई में फार्मेसी रिटेल बिजनेस का पायलट प्रोजेक्ट चला रही है, जहां ग्राहकों को दवाओं पर 20 फीसदी का सीधा डिस्काउंट दिया जा रहा है। यह पहल दवाओं के बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की तैयारी में है। डीमार्ट अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिफ्लेक्ट हेल्थकेयर एंड रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (आरएचआरपीएल) के माध्यम से मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) में शॉप-इन-शॉप मॉडल पर फार्मेसी काउंटर संचालित कर रहा है। इससे कंपनी को नए स्टोर के किराए और ग्राहक अधिग्रहण लागत से बचने में मदद मिल रही है।

### एमिरेट्स ने शुरू की क्रिप्टोकरेंसी से भुगतान की सुविधा

**दुबई, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे मुनाफे वाली अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन एमिरेट्स ने डिजिटल भुगतान को अपनाते हुए एक ऐतिहासिक पहल की है। अब ग्राहक अपनी उड़ानों के लिए क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। क्रिप्टो डॉट कॉम पे के साथ साझेदारी से, यह सुविधा ग्राहकों को सीधे अपने डिजिटल वॉलेट से टिकट बुक करने की अनुमति देगी। यह कदम ग्राहकों को भुगतान के अधिक विकल्प देने की एमिरेट्स की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, खासकर आज की युवा और डिजिटल-जागरूक पीढ़ी को लक्षित करते हुए। एमिरेट्स के एक प्रमुख ने इसे ग्राहकों के लिए बेहतर अनुभव का हिस्सा बताया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एफटीए रणनीति से 60 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक बाजारों तक पहुंच खुलती है: पीयूष गोयल

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा किए गए हालिया मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) देश को करीब 60 ट्रिलियन डॉलर मूल्य वाले वैश्विक बाजारों तक पहुंच दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनाने, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए एक वीडियो में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किए गए एफटीए भारतीय निर्यातकों के लिए नए बाजार खोलने, घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के उद्देश्य से किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'यही वजह है कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ लगातार मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है।' वीडियो में दिखाया गया है कि पिछले पांच वर्षों में भारत का निर्यात 73 प्रतिशत बढ़ा है। एफटीए के कारण टेक्सटाइल, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों को कम या शून्य आयात शुल्क का लाभ मिला है, जिससे इन उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच और मजबूत हुई है। सरकार ने यह भी रेखांकित किया कि इन व्यापार समझौतों में डेयरी और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। साथ ही, ये समझौते देश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि एफटीए के माध्यम से भारत में अरबों डॉलर का निवेश आ रहा है, जिससे विनिर्माण क्षेत्र को गति मिल रही है, रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और भारतीय कंपनियों को वैश्विक वैल्यू चेन से जुड़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौतों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, ताकि घरेलू निर्यातकों को नए बाजार मिल सकें और भारतीय उद्योग वैश्विक आपूर्ति शृंखला का मजबूत हिस्सा बन सकें। सरकार के अनुसार, एफटीए उसकी उस व्यापक रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य निर्यात बढ़ाना, विदेशी निवेश आकर्षित करना और भारत की विनिर्माण क्षमता को मजबूत करना है। पीयूष गोयल ने कहा कि ये समझौते भारत को वैश्विक व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाने और देश को निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने के सरकार के विजन को दर्शाते हैं। इससे पहले, सरकार ने मंगलवार को संसद में जानकारी दी थी कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 863.1 अरब डॉलर का अब तक का सर्वाधिक निर्यात दर्ज किया, जिसमें 441.8 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात (मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स) और 421.3 अरब डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है।

## जापान में भूकंप के बाद सोनी का कुमामोटो सेमीकंडक्टर प्लांट हुआ बंद

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**




सोनी सेमीकंडक्टर सॉल्यूशंस ने बुधवार को कहा कि जापान के कुमामोटो क्षेत्र में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद उसने कुमामोटो टेक्नोलॉजी सेंटर में परिचालन फिलहाल बंद कर दिया गया है। कंपनी प्लांट और उत्पादन लाइनों को हुए संभावित नुकसान का आकलन कर रही है। सोनी ने बताया कि उसके नागासाकी, ओइता और कागोशिमा टेक्नोलॉजी सेंटरों में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। साथ ही, भूकंप के समय इन केंद्रों पर मौजूद किसी भी कर्मचारी के घायल होने की खबर नहीं है। कंपनी के अनुसार, मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4:27 बजे आए भूकंप के तुरंत बाद किकुयो कस्बे स्थित सोनी सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन के प्लांट में उत्पादन रोक दिया गया था।

कंपनी ने कहा कि कुमामोटो प्लांट की इमारतों और उत्पादन उपकरणों पर भूकंप के प्रभाव का आकलन जारी है। हालांकि, परिचालन दोबारा कब शुरू होगा, इसकी कोई समय-सीमा नहीं बताई गई है।

यह व्यवधान मंगलवार को जापान के कुमामोटो क्षेत्र में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप के बाद पैदा हुआ। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के अनुसार, इस भूकंप में 13 लोगों की मौत हो गई। ताकाइची ने पत्रकारों से कहा, 'अब भी कई लोग बचाव का इंतजार कर रहे हैं।




## एथनॉल उत्पादन के लिए सरकार ने घाटे में बेचे 63.5 लाख टन चावल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** केंद्र सरकार ने एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारी मात्रा में चावल डिस्टलरियों को कम कीमत पर उपलब्ध कराए हैं, जिससे सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में सरकार ने बताया कि उसने जिस कीमत पर चावल खरीदा था, उससे काफी कम दाम पर उसे एथनॉल बनाने के लिए बेचा गया है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि चावल से बनने वाले एथनॉल की उत्पादन लागत कच्चे तेल आधारित पेट्रोल के मुकाबले कहीं ज्यादा है। पिछले एक साल में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने लगभग 63.5 लाख टन चावल एथनॉल बनाने वाली डिस्टलरियों को 14,596.78 करोड़ रुपये में बेचे हैं। यह चावल 2,250 रुपये से 2,320 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध कराए गए थे। इसके विपरीत सरकार ने इन्हीं चावलों को किसानों से 3,720 रुपये से 3,889 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा था, जिसमें खरीद मूल्य, भंडारण, परिवहन और श्रम लागत शामिल थी।

## स्टार्क फ्यूचर ने लॉन्च की दो नई ऑफ-रोड इलेक्ट्रिक बाइक



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** आयशर मोटर्स से जुड़ी यूरोपियन इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल निमार्ता कंपनी स्टार्क फ्यूचर ने अपनी वर्ग एमएक्स और वर्ग ईएक्स इलेक्ट्रिक ऑफ-रोड मोटरसाइकिलों के फैक्ट्री एडिशन लॉन्च किए हैं। इन मोटरसाइकिलों का मुख्य आकर्षण इनमें जोड़ा गया फुल केवाईबी फैक्ट्री ए-किट सस्पेंशन पैकेज है, जिसमें 48 मिलीमीटर का क्लोज्ड-कार्ट्रिज फॉर्क और पूरी तरह से एडजस्ट होने वाला रियर शॉक शामिल है, जो बेहतर राइडिंग अनुभव प्रदान करता है। कंपनी इन विशेष एडिशन की विश्व स्तर पर केवल 500 यूनिट्स ही बेचेगी। इन फैक्ट्री एडिशन में कई हार्डवेयर अपग्रेड भी किए गए हैं, जिनमें सीएनसी-मशीन्ड ट्रिपल क्लैम्प, टाइटेनियम फुट पेग्स, टाइटेनियम बोल्ट किट शामिल हैं, जिनसे 1.1 किलोग्राम वजन कम होने का दावा किया गया है। साथ ही, इनमें हाई-ग्रिप सीट और अपडेटेड रेडिएटर फैन होल्डर भी दिए गए हैं। स्टार्क ने डायनामिक ट्रैक्शन कंट्रोल भी जोड़ा है। मौजूदा विनिमय दर के हिसाब से, वर्ग एमएक्स फैक्ट्री एडिशन की कीमत लगभग 15.43 लाख रुपये (15,990 यूएसडी) है, जबकि वर्ग ईएक्स फैक्ट्री एडिशन की कीमत लगभग 16.40 लाख रुपये (16,990 यूएसडी) है। इन मोटरसाइकिलों में ब्रांड का 80 हॉर्स पावर वाला इलेक्ट्रिक मोटर और 7.2 किलोवॉट-घंटे की बैटरी प्लेटफॉर्म बरकरार है। एमएक्स मॉडल पिछले पहिए पर 978 न्यूटन मीटर का टॉर्क देता है, जबकि ईएक्स मॉडल 1,036 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है।

## भविष्य में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारी निवेश की उम्मीद



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**

भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर में भविष्य में भारी निवेश की उम्मीद जताई जा रही है। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ने जुलाई महीने में खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 28.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सभी प्रमुख वाहन सेगमेंट में मजबूत मांग देखी गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी, जबकि एसयूवी और पैसेंजर कार सेगमेंट की अगुवाई में यात्री वाहनों की बिक्री में 20.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 27.3 प्रतिशत और तीनपहिया वाहनों की बिक्री 18.1 प्रतिशत बढ़ी, वहीं ट्रैक्टर सेगमेंट ने 36.8 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी प्रदर्शित की। रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2026 में ऑटो उद्योग के लिए मजबूत वृद्धि की उम्मीद है, जिसके मुख्य कारण जुलाई 2025 का कम बेस, उपभोक्ता भावनाओं में सुधार, हाल ही में लॉन्च हुए नए मॉडल, इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना, ब्याज दरों में नरमी और जीएसटी कटौती के बाद बढ़ी खरीदने की क्षमता हैं। आने वाले महीनों का दृष्टिकोण भी सकारात्मक है, जो मजबूत मांग, अगस्त-सितंबर 2026 के कम बेस और वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में त्योहारों के कारण मांग में अपेक्षित तेजी पर आधारित है।

एक अन्य रिपोर्ट, ब्रिकवर्क रेटिंग्स के विश्लेषण के अनुसार, भारत के ऑटो और ऑटो सहायक क्षेत्र का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 8 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। यह क्षेत्र एक नए निवेश चक्र में प्रवेश कर रहा है, जिसमें वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2028-29 के बीच 70,300 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू होने की संभावना है।

## भारत ने पहली तिमाही में लगभग 10 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्मार्टफोन का किया निर्यात

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** भारत ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में स्मार्टफोन निर्यात के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात लगभग 10 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सबसे बड़ा योगदान एप्पल आईफोन की शिपमेंट का रहा। अप्रैल-जून अवधि के दौरान मूल्य के आधार पर स्मार्टफोन निर्यात 23.4 प्रतिशत बढ़कर 9.84 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7.97 अरब डॉलर था। इस दौरान भारत से निर्यात होने वाले स्मार्टफोन के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार बना रहा, जहां भारत में निर्मित डिवाइसों की मजबूत मांग देखने को मिली। स्मार्टफोन निर्यात के शानदार प्रदर्शन का असर देश के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पर भी पड़ा। अप्रैल-जून अवधि में कुल 15.2 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के निर्यात में अकेले स्मार्टफोन की हिस्सेदारी 64.8 प्रतिशत रही।

# होंडा जल्द ही तीन नए और दमदार मॉडल पेश करने की तैयारी में

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**




होंडा कंपनी जल्द ही तीन नए और दमदार मॉडल पेश करने की तैयारी में है। कंपनी के इन आधुनिक मॉडलों में एलिवेट फेसलिफ्ट, नई होंडा 0 अल्फा इलेक्ट्रिक एसयूवी और प्रीमियम होंडा प्रील्यूड हाइब्रिड कूपे शामिल हैं। होंडा एलिवेट फेसलिफ्ट, जिसे पहली बार 2023 में लॉन्च किया गया था, अब अपडेटेड डिजाइन और फीचर्स के साथ आएगी। इसमें फ्रंट ग्रिल, बंपर और लाइटिंग में हल्के बदलाव के साथ-साथ वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स जैसे नए केबिन फीचर्स मिलने की उम्मीद है। मौजूदा 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन इसमें बरकरार रहेगा। कंपनी अपनी बिल्कुल नई होंडा 0 अल्फा इलेक्ट्रिक एसयूवी को भी भारतीय सड़कों पर उतारने की तैयारी में है, जिसकी रोड टेस्टिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह एक विशेष ईवी प्लेटफॉर्म पर विकसित की गई बॉक्सी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी। इसके केबिन में बड़ी टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, फुली डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, फिजिकल कंट्रोल्स, वेंटिलेटेड सीट्स, लेदरेट अपहोल्स्ट्री और पैनोरमिक सनरूफ जैसे मॉडर्न फीचर्स दिए जाएंगे। पावर के लिए इसमें एलएफपी टेक्नोलॉजी वाले 65 किलोवॉट-घंटे और 75 किलोवॉट-घंटे के बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं, जिसका लक्ष्य एक बार चार्ज करने पर लगभग 450 से 500 किलोमीटर की वास्तविक ड्राइविंग रेंज देना है।

इनके अलावा, होंडा अपनी प्रतिष्ठित प्रील्यूड कूपे को भी भारत में लाने की योजना बना रही है। जेआर-वी की तरह यह भी कंपनी का एक प्रीमियम मॉडल होगा। प्रील्यूड एक दो-दरवाजों वाली स्पोर्ट्स हाइब्रिड कूपे होगी, जिसमें 2.0-लीटर पेट्रोल इंजन के साथ एक हाइब्रिड सिस्टम मिलेगा, जो लगभग 200 पीएस की पावर और 315 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करेगा। लॉन्च होने पर यह भारत में होंडा की सबसे तेज और सबसे महंगी कार बन सकती है।

## बालकनी में खेलते समय 11 वर्षीय बच्चा करंट की चपेट में आया

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** विजयनगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर में मंगलवार सुबह बालकनी में खेलते समय 11 वर्षीय बच्चा करंट की चपेट में आ गया। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन और आसपास के लोगों ने उसे तत्काल जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। एमएमजी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। बच्चे के पिता दिनेश उस समय काम पर गए हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बच्चा बिजली के तार या किसी अन्य विद्युत स्रोत के संपर्क में आने से करंट की चपेट में आया। एमएमजी अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद अमन ने बताया कि करंट से बच्चे के हाथ और शरीर के अन्य हिस्से प्रभावित हुए हैं। वहीं, ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार मुख्य आरक्षी गंभीर घायल


**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** एनएच-9 पर मंगलवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वेव सिटी थाना पुलिस ने घायल मुख्य आरक्षी को पहले मणिपाल अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए यशोदा अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। एसीपी कविनगर सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुख्य आरक्षी मनवीर सिंह वर्ष 2005 बैच के पुलिसकर्मी हैं और वर्तमान में पुलिस लाइन में तैनात हैं। वह मूल रूप से अलीगढ़ जिले के खैर के निवासी हैं। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे किसी कार्य से एनएच-9 पर जा रहे थे। मणिपाल अस्पताल के सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे उनका सिर डिवाइडर से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। एसीपी ने बताया कि फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसकी पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## कारोबारी से 27 लाख का कपड़ा लेकर भागा दंपती

**लोनी, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** पानीपत के कारोबारी से 27 लाख रुपये का कपड़ा लेकर भागे दंपती के खिलाफ पीड़ित ने लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित कारोबारी का आरोप है कि एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर दंपती ने उनसे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पानीपत के पीड़ित कपड़ा कारोबारी राकेश गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिल्ली मॉडल टाउन निवासी दंपती कंवल अग्गी और नेहा अग्गी पानीपत में कपड़े का काम करते थे। दंपती ने उनसे अप्रैल और मई वर्ष 2025 में करीब 27 लाख रुपये का कपड़ा खरीदा था। समय पूरा होने के बाद दंपती ने पैमेंट नहीं की और पानीपत से गायब हो गए। काफी तलाश करने के बाद दंपती को लोनी थानाक्षेत्र की प्रशांत विहार कॉलोनी में रहता पाया गया। दंपती ने उन्होंने संपर्क किया तो रुपये देने के आश्वासन पर लोनी बुलाया। आरोप है कि जब वह प्रशांत विहार पहुंचे तो दंपती ने अपने साथी सद्दाम के साथ मिलकर गाली गलौज की। पीड़ित ने विरोध किया तो मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसीपी लोनी रामकिशन ने बताया कि कारोबारी की शिकायत पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# प्रमिला की हत्या के बाद पवन बिहार भागा, पुलिस की टीम पहुंची

**» लोनी, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**




पूजा कॉलोनी में प्रमिला की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस उनके पति पवन से बातचीत करने के लिए बिहार रवाना हो गई है। उससे पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि प्रमिला की हत्या हुई है या फिर आत्महत्या का मामला है। उधर, बिहार से प्रमिला के परिजन लोनी के लिए रवाना हो गए हैं और उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जा सकेगा।

एसीपी लोनी राम किशन ने बताया कि प्रमिला की मौत के बाद उसके पति पवन की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला तो मोबाइल फोन की लोकेशन बिहार में मिली है। पुलिस उससे बातचीत करने के लिए बिहार के लिए रवाना हो गई है और उससे बात करने के बाद ही घटना का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस का कहना है कि 25 जुलाई को पवन की लोकेशन लोनी में घटना स्थल पर ही थी और फिर फोन बंद कर लिया।

वहीं, मंगलवार को मृतका प्रमिला की बेटी विद्या अपनी मौसी के घर मिली तो उससे बातचीत की गई है। हालांकि उससे कुछ ठोस बात पता नहीं चल पाई है। प्रमिला की बहन अंजू देवी पत्नी जगदीश सिंह यादव निवासी मजार वाली गली राम पार्क ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि प्रमिला अपनी बेटी विद्या को छह दिन पहले उनके घर छोड़कर चली गई थी। पहले भी इस तरह तीन-चार दिन के लिए वह बेटी विद्या को छोड़ कर चली जाती थीं।


एसीपी ने बताया कि महिला के परिजन बिहार में रहते हैं। परिवार के लोग भी लोनी के लिए रवाना हो गए है। परिजनों ने लोनी आने पर शिकायत देने की बात कही है।

शिकायत मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। गौरतलब है कि सोमवार को पूजा कॉलोनी में पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी कि थी कि घर के अंदर से बदबू आ रही है। घर के गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ताला तोड़कर प्रमिला का शव मोर्चरी के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि प्रमिला के गले में कपड़े से फंदा लगा हुआ था और इसी बात से हत्या की आशंका है।

# साढ़े तीन वर्षीय बच्ची पर झपटा कुत्तों का झुंड, कान पर आए चार टांके

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**



शिकायतों की लंबी फेहरिस्त, बैठकों और दावों के बावजूद शहर में लावारिस कुत्तों का आतंक थम नहीं रहा है। राजनगर एक्सटेंशन की राजनगर रेजीडेंसी सोसायटी में मंगलवार को इसका खामियाजा साढ़े तीन साल की बच्ची को भुगतना पड़ा। बेसमेंट में कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया। उसके कान पर चार टांके आए हैं। घटना के बाद से बच्ची और परिवार डरा हुआ है।

बच्ची के पिता शुभम गुप्ता ने बताया कि तेज बारिश के कारण उनकी पत्नी नीलम एच-ब्लॉक स्थित स्कूल से साढ़े तीन साल की बेटी व दो साल के बेटे को लेकर ई-ब्लॉक बेसमेंट के रास्ते घर जा रही थीं। इसी दौरान वहां मौजूद चार लावारिस कुत्तों ने अचानक बच्चों पर हमला कर दिया उन्होंने बताया कि पत्नी छोटे बेटे को बचाने में लगी थीं। इस बीच कुत्तों ने बेटी अपूर्वा का स्कूल बैग खींच लिया। इससे बच्ची जमीन पर गिर गई, जिसके बाद कुत्तों ने उसके कान पर काटकर लहूलुहान कर दिया। कुत्तों के हमले में उसके हाथ पर भी चोट आई है।

बच्ची की चीख सुनकर कार पार्क कर रहे एक दंपती ने वहां पहुंचकर कुत्तों को भगाया। इसके बाद गार्ड, मेंटेनेंस टीम और अन्य निवासी मौके पर पहुंचे। बच्ची को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए और कान पर चार टांके लगाए गए। इलाज के बाद शाम को उसे छुट्टी दे दी गई।

वहीं, नगर निगम के उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अनुज सिंह का कहना है कि लावारिस कुत्ते को पकड़ने के लिए टीम भेजी गई है।

### 40 कुत्ते, 50 शिकायतें और फिर भी वही हाल

इस घटना ने एक बार फिर नगर निगम और जिम्मेदार एजेंसियों की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोसायटी के मेंटेनेंस इंचार्ज हर्ष कुमार ने बताया कि परिसर में करीब 40 लावारिस कुत्ते हैं। ये कुत्ते पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम में करीब 50 बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को दोबारा परिसर में छोड़ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कई एनजीओ से भी मदद मांगी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। घटना के बाद फिर शिकायत कर आक्रामक कुत्तों को पकड़कर हटाने की मांग की गई है। स्थानीय निवासी एमके अग्रवाल ने बताया कि सोसायटी में 975 फ्लैट हैं और करीब साढ़े तीन हजार लोग रहते हैं।

## गंदगी के बीच बनाया जा रहा था सोया चाप, 200 किलो कराई नष्ट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** गणेशपुरी भाटी चौक स्थित सोया चाप निर्माण इकाई घनश्याम चाप पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर गंदगी के बीच तैयार की जा रही 200 किलोग्राम सोया चाप को नष्ट करा दिया। विभाग ने फैक्ट्री के पंजीकरण को निलंबित करने की संस्तुति की है। साथ ही प्रतिष्ठान में सुधार होने तक खाद्य निर्माण का काम बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में टीम ने सोया चाप निर्माण परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर फैक्ट्री संचालक मौजूद नहीं मिले। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता पाया गया और परिसर में अत्यधिक गंदगी मिली। उन्होंने बताया कि अस्वच्छ माहौल में सोया चाप तैयार किया जा रहा था। टीम ने मौके से रंगीन सोया चाप और सफेद सोया चाप के साथ मैदा का भी नमूना लिया। इसके अलावा करीब 20 हजार रुपये कीमत की 200 किलोग्राम सोया चाप को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया।

## डिलिवरी के दौरान महिला की अस्पताल में मौत हुई, अस्पताल पर हंगामा

**» लोनी, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**



बंथला स्थित फ्लाईओवर के पास अस्पताल में मंगलवार को डिलिवरी के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन को शांत कराया। पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

लोनी के बाग राणप निवासी हरीश की पत्नी काजल (27) गर्भवती थीं। प्रसव पीड़ा होने पर काजल को बंथला फ्लाईओवर के पास निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार तड़के सामान्य डिलीवरी हुई और बेटा हुआ। आरोप है कि योग्य चिकित्सक न होने के चलते प्रसव के बाद महिला का रक्त स्राव नहीं रुका। अस्पताल प्रबंधन ने गंभीर हालत में पत्नी को जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन, प्रसूता को जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे और वहां पर महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने लोगों के साथ अस्पताल के बाहर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी लोनी रामकिशन ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्टरी लगाने के नाम पर 8.20 करोड़ की धोखाधड़ी

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**




देशभर में लग्जरी बाथरूम फिटिंग, सैनिटरी वेयर और किचन फिटिंग का कारोबार करने वाली हॉगर मेगा मार्ट के निदेशक से फैक्टरी लगाने और कारोबार बढ़ाने के नाम पर 8.20 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कविनगर पुलिस ने जीएसटी विभाग में तैनात महिला समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एसीपी कविनगर सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि साउथ एक्सटेंशन-एक नई दिल्ली निवासी हॉगर मेगा मार्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक लव गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार वह विटोरिया फ्यूसेट्स और मैसर्स न्यू एज इंडस्ट्रीज के निदेशक सुशांत शर्मा और उनकी पत्नी छवि शर्मा को जानते हैं। सुशांत शर्मा ने 2024 में कंपनी का कारोबार बढ़ाने और हाईटेक मशीनें व बुनियादी ढांचा दुरुस्त करने के लिए मदद मांगी। अप्रैल-मई 2024 में लव गुप्ता ने दंपती को 8.20 करोड़ रुपये दिए। आरोप है कि दंपती ने कंपनी में कोई काम नहीं कराया। रुपये मांगने पर आरोपियों ने मेरठ रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में नई फैक्टरी लगाने और 20 मई 2024 तक जमीन पर कब्जा दिलाने का वादा किया। समय सीमा निकलने के बाद भी न जमीन मिली और न फैक्टरी लगी।

# डिजिटल मार्केटिंग से छोटे कारोबार को बड़ी पहचान दे रही महिलाएं

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**




डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ शहर की महिलाएं भी अब डिजिटल मार्केटिंग के जरिये अपने छोटे कारोबार को नई पहचान दे रही हैं। फरीदाबाद के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं सोशल मीडिया, ऑनलाइन ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की मदद से घर बैठे अपने उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचा रही हैं। शहर के एनआईटी, सेक्टर-15, 16 और ग्रेटर फरीदाबाद समेत कई इलाकों की महिलाएं घर से तैयार किए गए कपड़े, ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट सामान, होममेड फूड, ब्यूटी प्रोडक्ट और अन्य घरेलू उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री कर रही हैं। पहले जहां उन्हें ग्राहकों तक पहुंच बनाने में परेशानी होती थी, वहीं अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये उनके उत्पादों की पहुंच बढ़ रही है।

महिलाएं अब फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य ऑनलाइन माध्यमों का इस्तेमाल कर अपने उत्पादों की जानकारी ग्राहकों तक पहुंचा रही हैं।

फोटो, वीडियो और डिजिटल प्रचार के जरिये वे सीधे ग्राहकों से जुड़ रही हैं। इससे उन्हें घर से काम करने के साथ अपनी आय बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। पहले अपने उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाना मुश्किल था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मैं सिंगल रहकर खुश हूं, मुझे अपनी जिंदगी में एक और तनाव नहीं चाहिए

## जरीन खान



**मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्सर सितारों की लव लाइफ चर्चा में रहती है। कुछ हो ना हो, वह सुर्खियों में बने रहते हैं। अभिनेत्री जरीन खान ऐसी चर्चा ही नहीं, बल्कि अफेयर से भी दूर रहना चाहती हैं। जरीन ने खुद ही एक इंटरव्यू में बताया कि वह सिंगल हैं और फिलहाल शादी करने का कोई इरादा नहीं है। वह कहती हैं मैं सिंगल रहकर खुश हूं।**

मैं सिंगल रहकर खुश हूं, मुझे अपनी जिंदगी में एक और तनाव नहीं चाहिए: नई दिल्ली, (ईएमएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म वीर से सिनेमा जगत में कदम रखने वालीं जरीन खान को भला कौन नहीं जानता। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू में जरीन ने जिंदगी भर शादी न करने को लेकर खुलासा किया है और बताया है कि वह ऐसा क्यों करना चाहती हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वह मौजूदा समय में सिंगिल हैं और अपनी मां के निधन के बाद पूरा फोकस काम पर रखना चाहती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक

अक्सर सितारों की लव लाइफ चर्चा में रहती है। कुछ हो ना हो, वह सुर्खियों में बने रहते हैं। अभिनेत्री जरीन खान ऐसी चर्चा ही नहीं, बल्कि अफेयर से भी दूर रहना चाहती हैं। जरीन ने खुद ही एक इंटरव्यू में बताया कि वह सिंगल हैं और फिलहाल शादी करने का कोई इरादा नहीं है। वह कहती हैं मैं सिंगल रहकर खुश हूं। मुझे अपनी जिंदगी में एक और तनाव नहीं चाहिए। जब आप किसी को अपनी जिंदगी में शामिल करते हैं तो मैं यह नहीं कहती हूं कि आप चार चांद ही लगा दें, बस परेशान न करें। मेरे जीवन में वैसे ही काफी चीजें हो रही हैं। फिलहाल मैं अपनी जिंदगी पर ध्यान दे रही हूं। जब तक मम्मी थीं, सारा ध्यान उन पर था। अब उनके जाने के बाद पूरा ध्यान अपने काम पर है। बता दें सुपरस्टार सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 12 में नजर आने वाले कंटेस्टेंट शिवाशीष मिश्रा के साथ करीब 3 साल तक जरीन खान रिलेशनशिप में रहीं। हालांकि बाद में इन दोनों का आपसी सहमति के तहत ब्रेकअप हो गया। कभी शादी न करने के सवाल पर जरीन खान कहती हैं-नहीं, आसपास कई लोगों को देख रही हूं। मैं खुद ऐसे परिवार से आती हूं, जहां मेरे माता-पिता की शादी नहीं चली, लेकिन कारण वह नहीं है। आसपास जो हो रहा है, उसमें यही लगता है कि अकेले रहो खुश रहो। फिलहाल मैं किसी को ढूंढ नहीं रही हूं कि इसे पकड़कर शादी करनी है।




# आम्रपाली दुबे बनना चाहती है मां, किया बडा खुलासा

**मुंबई, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' के हाल ही में सामने आए प्रोमो वीडियो में अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने अपनी जिंदगी से जुड़ा बडा खुलासा किया है। इस प्रोमो में आम्रपाली दुबे कहती हैं कि वह मां बनना चाहती हैं। आम्रपाली की यह बात सुनकर उनके परिवार के सदस्य हैरान रह जाते हैं।

उनके पिता को पहले इस बात पर विश्वास नहीं होता, जबकि उनकी बहन उनसे यह जानना चाहती हैं कि क्या वह अपने फैसले को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। इस पर आम्रपाली बिना किसी झिझक के कहती हैं कि उन्होंने इस बारे में गंभीरता से सोचा है और अपने निर्णय को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। बातचीत के दौरान परिवार के सदस्यों की भावुक प्रतिक्रिया भी देखने को मिलती है। प्रोमो में आम्रपाली ने अपनी इस इच्छा का जिक्र किया है, लेकिन उन्होंने शादी का कोई उल्लेख नहीं किया। इसी वजह से सोशल मीडिया पर दर्शकों के बीच तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, प्रोमो में उनके बयान का पूरा संदर्भ सामने नहीं आया है, इसलिए शो के प्रसारण के बाद ही उनकी बात का वास्तविक अर्थ स्पष्ट हो सकेगा। आम्रपाली दुबे भोजपुरी फिल्म उद्योग की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शामिल हैं। वह अपनी फिल्मों और गीतों के साथ-साथ अभिनेता दिनेश लाल यादव के साथ अपनी ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने कई फिल्मों में खूब पसंद किया है। दोनों कलाकार अब 'भोजपुरी बवाल' में भी एक साथ नजर आएंगे। इस रियलिटी शो में आम्रपाली दुबे के अलावा तेज प्रताप यादव, पवन सिंह और दिनेश लाल यादव जैसे कई चर्चित चेहरे भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रोमो से संकेत मिलता है कि शो में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि कलाकारों की निजी जिंदगी, रिश्तों और भावनात्मक अनुभवों से जुड़े कई पहलुओं को भी दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। 'भोजपुरी बवाल' का प्रसारण 2 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर शुरू होगा।

# गुलवीर राष्ट्रमण्डल खेलों में रजत जीतने वाले पहले भारतीय बने

» **गलास्गो, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**




भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने राष्ट्रमण्डल खेलों में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ का रजत पदक जीता है। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। इससे पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने राष्ट्रमण्डल खेलों में ये स्पर्धा नहीं जीती थी। गुलवीर ने इस दौड़ के दौरान संयम बनाये रखा। अंतिम लैप में उन्होंने तेजी से दौड़ते हुए चौथे स्थान से दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने यह रेस 27:49.78 सेकेंड में पूरी की। वहीं ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने 27:48.93 सेकेंड समय निकालकर दूसरा जबकि आइल ऑफ मैन के डेविड मुलार्की ने 27:50.28 का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल करने के साथ ही कांस्य पदक जीता। यह उपलब्धि इसलिए भी काफी महत्वूपर्ण है क्योंकि साल 1986 के बाद से ही यह पहली बार है जब पुरुषों की 10,000 मीटर रेस के पोडियम पर किसी अफ्रीकी देश के खिलाड़ी की जगह पर भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। गुलवीर ने इससे पहले साल 2022 एशियाई खेलों की इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

गुलवीर ने रेस की शुरूआत तेजी से की। पहले 1000 मीटर के बाद वह तीसरे स्थान पर थे। 2000 मीटर तक भी उन्होंने अपनी स्थिति बनाए रखी। इसके बाद वह पांचवें और फिर छठे स्थान पर फिसल गये। 4000 मीटर शेष रहते ही वह पांचवें स्थान पर थे पर उन्होंने हार नहीं मानी। जैसे-जैसे रेस अंतिम चरण में पहुंची, गुलवीर ने अपनी गति बढ़ाई और पदक की दौड़ में जोरदार वापसी की। गौरतलब है कि गुलवीर ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी थी। उन्होंने साल 2022 एशियाई खेलों में 10,000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। वहीं अब राष्ट्रमण्डल खेलों में रजत पदक जीतकर उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है।

# 'मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं', सिल्वर मेडल जीतने पर बोलीं हरजिंदर कौर

» **ग्लासगो, यूटर्न/ 29 जुलाई ।**

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय महिला वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में एक और मेडल डाला। उन्होंने 69 किलोग्राम वर्ग में कुल 227 किलोग्राम का भार उठाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

हरजिंदर का प्रदर्शन दमदार रहा और उन्होंने स्नैच में 101 किलो का भार उठाकर अच्छी शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क राउंड में 126 किलो का भार उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। मेडल जीतने के बाद हरजिंदर ने 'आईएएनएस' के साथ खास बातचीत करते हुए कहा, 'मैं सिल्वर मेडल जीतकर और अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। ट्रेनिंग में मैंने 'क्लीन एंड जर्क' राउंड में इससे भी ज्यादा भार उठाया है, लेकिन फिर भी मैं



अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मैं खुश हूं कि मैंने अपनी सभी छह लिफ्ट पास की है और मुझे अच्छा लग रहा है।' भारतीय महिला वेटलिफ्टर ने आगे कहा, 'मैं इस बार सोचकर आई थी कि मुझे इस बार अपने मेडल का रंग बदलना है और दूसरी बात यह थी कि मैंने सोचा था कि मुझे लिफ्टिंग अच्छी करके आनी है। मैंने आज अच्छी लिफ्टिंग की है। मैं अपने इस मेडल को परिवार को समर्पित करना चाहती हूं। मुझे अपने परिवार और भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ ने बहुत सपोर्ट दिया है और उनकी वजह से ही हम यहां तक पहुंचे हैं। मेरा जब भी कहीं पर मेडल आता है, तो मैं अपनी मां को कॉल करती हूं और आज भी मैंने उन्हें ही सबसे पहले कॉल किया है। वो मेरी प्रतियोगिता के कारण पिछले कुछ दिन से निराश थीं। उन्होंने मुझे मेडल जीतने पर बधाई दी।'

कनाडा की शार्लेट सिमोन्यू ने स्नैच में 108 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 132 किग्रा सहित कुल 240 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की न्या फीबे हेमैन ने कुल 218 किग्रा ( स्नैच में 97 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 121 किग्रा) का वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया।

# सेमीफाइनल में पहुंचकर जादुमणि ने किया भारत का एक और मेडल पक्का, बोले- गोल्ड जीतना लक्ष्य

**ग्लासगो, यूटर्न/ 29 जुलाई ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन जारी है। जादुमणि सिंह ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करने के साथ ही भारत के लिए एक और मेडल पक्का कर दिया है। जादुमणि का कहना है कि उनका लक्ष्य गोल्ड मेडल जीतकर जाना है। जादुमणि ने 55 किलोग्राम वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जाम्बिया के म्वेंगो म्वाले को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। उन्होंने एक के बाद एक पंच लगाए और विपक्षी मुक्केबाज को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ ही उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने के साथ-साथ कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में मिली जीत पर जादुमणि ने 'आईएएनएस' के साथ खास बातचीत करते हुए कहा, 'यह मेरा पहला कॉमनवेल्थ गेम्स है और मेडल जीतकर मैं बहुत खुश हूं। मेरा प्रतिद्वंद्वी एक मजबूत मुक्केबाज था, जिसमें अच्छी ताकत थी और वह जोरदार मुक्के मारता है; इसलिए मैंने पूरे दिन उसके वीडियो देखे और यह समझा कि मुझे मुकाबले में कैसे खेलना चाहिए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने प्रदर्शनकारियों की हत्या को बताया सही

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 29 जुलाई

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे आम नागरिकों पर सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही हिंसक कार्रवाई के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक विवादास्पद बयान सामने आया है। उन्होंने पीओके के प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मौतों का खुला बचाव करते हुए कहा कि वे इन प्रदर्शनकारियों को भारत की तरह ही दुश्मन की श्रेणी में रखते हैं। रक्षा मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की गोलीबारी में दर्जनों बेगुनाह नागरिकों के मारे जाने की खबरें आई हैं और भारत ने इस क्रूरता पर सख्त ऐतराज जताया है।



पीओके के रावलकोट और मीरपुर समेत कई इलाकों में पिछले कई हफ्तों से स्थानीय नागरिक रोजगार, सस्ती बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक राहत जैसी बुनियादी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा इस आंदोलन को दबाने के लिए किए जा रहे बल प्रयोग से स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई है। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, सुरक्षा बलों द्वारा की गई सीधी गोलीबारी, आंसू गैस और लाठीचार्ज के कारण क्षेत्र में अब तक 80 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं के अनुसार, मीरपुर और आसपास के जिलों में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध फायरिंग की। सड़कों पर हिंसा के बाद भयावह मंजर देखने को मिला, जहां एंबुलेंस और उचित चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में स्थानीय लोगों को घायलों को खुद ही अस्पतालों तक पहुंचाना पड़ा।

हिंसा और दमनकारी नीतियों के बावजूद स्थानीय नागरिक अपनी मांगों को लेकर लगातार विरोध दर्ज करा रहे हैं। दूसरी ओर, भारत सरकार ने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर हो रहे अत्याचारों और मानवाधिकार उल्लंघनों की कड़े शब्दों में निंदा की है।

# भारत-अमेरिका रक्षा, परमाणु सहयोग को दे रहे हैं बढ़ावा: पॉल कपूर

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 जुलाई



अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि भारत और अमेरिका रक्षा तथा असैन्य परमाणु क्षेत्रों में अपने सहयोग को लगातार मजबूत कर रहे हैं। इस बढ़ती साझेदारी में विश्वसनीय कृत्रिम मेधा (एआई) और अर्थव्यवस्था को गति देने वाली अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना शामिल है। सहायक विदेश मंत्री कपूर ने यह बात वाशिंगटन में भारत पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन के दौरान कही, जिसमें अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस और भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत डेविड सी. मुलफोर्ड भी शामिल हुए थे।

कपूर ने पोस्ट में सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालकर बताया कि यह बढ़ती भागीदारी अमेरिका में नए रोजगार के अवसर पैदा कर रही है और साथ ही ऐसी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ कर रही है जो अमेरिका और पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा और असैन्य परमाणु सहयोग के विस्तार पर जोर दिया, जिसमें विश्वसनीय एआई और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने का लक्ष्य है।

पिछले वर्ष, दोनों देशों ने थल, जल, आकाश, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण रक्षा साझेदारी मसौदे पर हस्ताक्षर किए थे। वर्ष 2002 के बाद से भारत ने अमेरिका से अनेक आधुनिक रक्षा प्रणालियां खरीदी हैं, जिनमें अपाचे और चिनूक हेलीकॉप्टर, सी-17 तथा सी-130जे परिवहन विमान, पी-8आई समुद्री गश्ती विमान और एम777 होवित्जर तोपें प्रमुख हैं।

असैन्य परमाणु क्षेत्र में भी अमेरिकी परमाणु ऊर्जा कंपनियां भारत में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एशिया में तीन लाख से ज्यादा लोग धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों में शामिल

मास्को, यूटर्न/ 29 जुलाई। वार्ता) अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की महानिदेशक एमी पोप ने कहा, 'एशिया में मानव तस्करी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इनका उद्देश्य धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटरों के लिए जबरदस्ती मजदूर उपलब्ध कराना है और सिर्फ.तीन देशों में ही तीन लाख से ज्यादा लोग इन गतिविधियों में शामिल हैं।' जिनेवा में मंगलवार को एक ब्रीफिंग के दौरान, सुश्री पोप ने कहा कि म्यांमार, कंबोडिया और लाओस में काम करने वाले बड़े धोखाधड़ी कॉल सेंटरों में लगभग तीन लाख लोग काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से बहुत सारे लोग भर्ती के दौरान धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं जिसमें अंग्रेजी भाषा की जानकारी और कॉलेज की डिग्री वाले उम्मीदवारों को आकर्षक अनुबंध देने वाली फजी जॉब पोस्टिंग का झांसा देकर ठगा गया।

### जापान में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई: प्रधानमंत्री

टोक्यो, यूटर्न/ 29 जुलाई। जापान के क्यूशू द्वीप के कुमामोटो प्रान्त में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। यह जानकारी जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने बुधवार को दी। सुश्री ताकाइची ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'स्थानीय समयानुसार सुबह 08:30 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 05:00 बजे) तक मरने वालों की संख्या 13 हो चुकी है।' उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी लोगों को जल्द से जल्द बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। टोक्यो में अपने ऑफि स में पत्रकारों से बात करते हुए सुश्री ताकाइची ने कहा, 'अभी भी कुछ लोग बचाव का इंतजार कर रहे हैं और यह सीमित समय में काम पूरा करने की कोशिश है। हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को ढूंढने और बचाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे।' मंगलवार को दक्षिण-पश्चिमी जापान के क्यूशू द्वीप पर 7.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद 6.1 तीव्रता का एक और झटका महसूस किया गया। एरियाके खाड़ी और यात्सुशिरो खाड़ी के तटों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

# विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने भारत में कार्यकाल संपन्न करने वाले अल सल्वाडोर के राजदूत से की मुलाकात



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 जुलाई

विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) पबित्रा मार्गेरिटा ने बुधवार को नई दिल्ली में अल सल्वाडोर के राजदूत गुइलेर्मो रुबियो फुनेस से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की।

मुलाकात के बाद पबित्रा मार्गेरिटा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'भारत में अपना कार्यकाल पूरा कर रहे अल सल्वाडोर के राजदूत महामहिम गुइलेर्मो रुबियो फुनेस से मुलाकात की। उनके कार्यकाल के दौरान भारत-अल सल्वाडोर संबंधों को मजबूत करने में दिए गए बहुमूल्य योगदान की सराहना की।' दोनों देशों के संबंध काफी अच्छे रहे हैं। कई समारोह का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें भारत की सहभागिता अभूतपूर्व रही है। जून में ग्वाटेमाला में भारत के राजदूत और अल सल्वाडोर के लिए समवर्ती रूप से मान्यता प्राप्त राजदूत राज कुमार सिंह ने अल सल्वाडोर के राष्ट्रीय महल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया था।

हर साल 21 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष योग दिवस का 12वां संस्करण 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ मनाया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए योग के महत्व पर जोर दिया गया। ग्वाटेमाला स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'राज कुमार सिंह ने अल सल्वाडोर के राष्ट्रीय महल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 समारोह में भाग लिया। इस आयोजन ने योग के शाश्वत संदेश सद्भाव, कल्याण और एकता को रेखांकित किया।'

सितंबर 2025 में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अल सल्वाडोर के अपने समकक्ष एलेक्जेंड्रा हिल टिनोको को 204वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए संबंधों को प्रगाढ़ बनाए रखने पर बल दिया था।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा था, 'अल सल्वाडोर के 204वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विदेश मंत्री एलेक्जेंड्रा हिल टिनोको, सरकार और वहां के लोगों को बधाई। विश्वास है कि हमारे संबंध लगातार मजबूत होते रहेंगे।' भारत और अल सल्वाडोर के बीच करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। दोनों देशों के बीच नियमित विदेश कार्यालय परामर्श ने द्विपक्षीय संबंधों को गति बनाए रखने में मदद की है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, भारत का दूतावास अल सल्वाडोर के लिए समवर्ती रूप से मान्यता प्राप्त है। वहीं, अल सल्वाडोर ने वर्ष 2008 में नई दिल्ली में अपने आवासीय राजदूत के साथ दूतावास खोला था।

# जापान के मॉल में हुआ धमाका, एक की मौत, कई लोग फंसे

टोक्यो, यूटर्न/ 29 जुलाई। जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र कुमामोटो (क्यूशू द्वीप) में मंगलवार शाम आए 7.1 तीव्रता के भीषण भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। आपदा के कारण कई इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं, कई स्थानों पर भीषण आग लग गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। एक मकान गिरने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है।

मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप शाम 4:27 बजे दर्ज किया गया। यद्यपि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.1 मापी गई, लेकिन जापानी शिंडो स्केल पर यह उच्चतम स्तर 7 तक पहुंच गया। भूकंप के कारण काशिमा कस्बे में स्थित एक बड़े शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे मॉल के 20 से 30 कर्मचारियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है और उनके मलबे में दबे होने की आशंका है। इसके अलावा एक प्रमुख पेपर उद्योग की फैक्ट्री की चिमनी का ऊपरी हिस्सा गिरने से भी कई कर्मचारी लापता बताए जा रहे हैं। आपदा के बाद प्रभावित इलाकों के अस्पतालों में घायलों का तांता लगा हुआ है। प्रमुख अस्पतालों में 50 से अधिक गंभीर रूप से घायल लोग पहुंचे हैं, जिन्हें झुलसने और हड्डियां टूटने जैसी गंभीर चोटें आई हैं। कई अस्पतालों में पानी के रिसाव और बिजली ठप होने से इलाज में बाधा आ रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए 3,600 सैन्य कर्मियों और 20 विमानों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर दिया है। भूकंप के झटकों से बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

# वैश्विक फंडिंग में गिरावट से बढ़ा एचआईवी संक्रमण का खतरा: यूएन

» जिनेवा, यूटर्न/ 29 जुलाई।




संयुक्त राष्ट्र की एचआईवी/एड्स से लड़ने वाली एजेंसी यूएनएड्स ने चेतावनी भरी रिपोर्ट जारी की है, जिसमें वैश्विक वित्तीय सहायता में भारी गिरावट को लेकर आगाह किया है। यूएनएड्स के अनुसार, फंडिंग में आई कमी से एचआईवी महामारी के और फैलने का खतरा बढ़ गया है, जिससे दशकों की मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों पर पानी फिर सकता है। यूएनएड्स ने तत्काल वैश्विक प्रतिबद्धता और सहयोग बढ़ाने का आ'ान किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 के लिए एचआईवी की रोकथाम हेतु अंतरराष्ट्रीय फंडिंग 18 प्रतिशत घटकर मात्र 7.3 अरब डॉलर रही है, जो करीब दो दशकों का सबसे निचला स्तर है। इस गंभीर कमी से नए एचआईवी संक्रमणों और एड्स से होने वाली मौतों में आई गिरावट का सकारात्मक रुझान उलट सकता है। यूएनएड्स ने बताया कि जनवरी 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद अमेरिका ने एचआईवी से जुड़े सभी कार्यक्रमों की फंडिंग पर अस्थायी रोक लगा दी थी। हालांकि कुछ दिनों बाद जीवनरक्षक उपचार संबंधी वित्तीय सहायता बहाल कर दी गई, लेकिन अधिकांश अन्य परियोजनाओं के लिए फंडिंग को सीमित किया गया।

# सऊदी अरब और अमेरिका ने इराक में ईरानी ठिकानों पर की एयरस्ट्राइक

» तेहरान, यूटर्न/ 29 जुलाई।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच तनाव एक नए चरम पर पहुंच गया है। सऊदी अरब के तेल ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों के जवाब में सऊदी अरब और अमेरिकी सेना ने मिलकर इराक में मौजूद ईरान समर्थित गुटों के ठिकानों पर बड़ी जवाबी कार्रवाई की है। इस एयरस्ट्राइक के बाद सऊदी अरब ने स्पष्ट किया है कि उसने यह कदम अपनी आत्मरक्षा में उठाया है। इस बड़ी सैन्य कार्रवाई के बाद क्षेत्र में युद्ध के और अधिक भड़कने की आशंका जताई जा रही है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बीते 72 घंटों के दौरान देश के महत्वपूर्ण तेल ठिकानों



पर 30 से अधिक ड्रोन हमलों के प्रयास किए गए थे। इसके जवाब में अमेरिकी सेंट्रल कमांड और सऊदी वायुसेना ने संयुक्त अभियान चलाकर इराक में सक्रिय ईरान समर्थक उग्रवादियों के हथियार गोदामों और लॉजिस्टिक्स ठिकानों पर सटीक हमले किए। सऊदी अरब ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा का अधिकार बताया है। कार्रवाई के बाद रियाद ने ईरान को कड़ा संदेश जारी करते हुए चेतावनी दी है। सऊदी अरब ने कहा कि यद्यपि वह क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का पक्षधर नहीं है, लेकिन अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय संपत्तियों की रक्षा के लिए करारा जवाब देने से पीछे नहीं हटेगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *